दिनांक : 31.07.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को दिए निर्देश, प्रदेश में अतिवर्षा से उत्पन्न स्थिति में बचाव के सभी आवश्यक प्रबंध किए जाए।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अगस्त को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करेंगे।
- पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ाई गई।
- भारत आज लंदन के ओवल मैदान में इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक मैच में उतरेगा।

अब समाचार विस्तार सेः-

अतिवर्षा-निर्देश - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि सभी जिलों में अतिवर्षा की स्थिति पर नजर रखी जाए। कलेक्टर एवं प्रशासनिक अमला अधिक वर्षा की स्थिति में बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा सभी कलेक्टरों के साथ बैठक कर कहा कि श्रावण मास में मंदिर परिसर भी सुविधायुक्त बनाएं, जिससे श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि रक्षाबंधन, बलराम जयंती, स्वतंत्रता दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी पर आवश्यक व्यवस्थाएं अग्रिम रूप से की जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिवपुरी जिले में भारतीय सेना, एनडीआरएफ, एसडीईआरएफ, जिला पुलिस बल और प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित गांवों से 300 से अधिक लोगों को रेस्क्यू करने की सराहना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सेना ने अल्प समय में आकर अदम्य साहस तथा कर्तव्य परायणता का परिचय देते हुए ऑपरेशन को सफल बनाया है।

पीएम किसान किश्त

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अगस्त को वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त जारी करेंगे। इस संबंध में कल नई दिल्ली में कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। श्री चौहान ने अधिकारियों को राष्ट्रीय, राज्य, जिला और ग्राम स्तर पर किसानों को इस कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्यक्रम को एक राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में आयोजित करने का आह्वान किया। श्री चौहान ने पूरे देश के किसानों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का भी आग्रह किया।

कृषि मंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, इस योजना के अंतर्गत किसानों को तीन किश्तों में छह हज़ार रुपये हस्तांतरित किए जा रहे हैं। प्रत्येक किश्त हर चार महीने में जारी की जाती है।

नड्डा- ऑपरेशन सिंदूर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में बहस के दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की ओर से स्पष्टता से सरकार का पक्ष रखने की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले का पूरी दृढ़ता से जवाब दिया। इससे पहले, राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान अपने संबोधन में, सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने 2014 के पहले के दशक और 2014 के बाद के दशक के बीच साहसिक तुलना की और राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य प्रतिक्रिया और राजनीतिक इच्छाशक्ति में भारत के 'मजबूत परिवर्तन' की बात कही।

पद्म पुरस्कार

पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पुरस्कारों के लिए नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार ऑनलाइन प्राप्त किए जाएँगे। वर्ष 2026 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस, 2026 के अवसर पर की जाएगी। इन पुरस्कारों में- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शामिल हैं। यह पुरस्कार विशिष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करने के लिए सभी क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों तथा सेवा के लिए दिया जाता है।

समाधान ऑनलाइन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों की ऐसी समस्याएं जो बहुत समय से किसी प्रशासनिक प्रकिया के कारण लंबित हैं और उससे हितग्राही अपने अधिकार को प्राप्त करने से वंचित हो रहा है, तो प्रत्येक अधिकारी का यह दायित्व है कि उस लंबित कार्य का बिना देर किए समाधान निकालें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल समाधान ऑनलाइन के माध्यम से विभिन्न जिलों के नागरिकों की लंबित समस्याओं का समाधान कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाइन में आए विभिन्न प्रकरणों में लापरवाही के दोषी एक प्रभारी प्राचार्य के निलंबन, 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने और बीमा कम्पनी पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिये।

दिल्ली समिट-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट-2025 में सहभागिता करेंगे। यह टेक्सटाइल और अपैरल उद्योगों का एक महत्वपूर्ण दो दिवसीय वैश्विक आयोजन है। ये समिट भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगी। इस समिट में वैश्विक उद्योग जगत के निवेशक सहभागिता करेंगे। यह समिट वैश्विक सोर्सिंग और खरीद समुदाय की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप, सप्लाई चेन के प्रमुख हितधारकों को एक मंच प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारत मंडप में स्थापित मध्यप्रदेश राज्य पवेलियन का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वैश्विक टेक्सटाइल ब्रांड्स के प्रमुखों के साथ राउंडटेबल चर्चा में भाग लेंगे, जिसमें उद्योगों को मध्य प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया जायेगा।

हेलमेट-पेट्रोल

राजधानी में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाने के लिए भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बड़ा फैसला लिया है। जारी आदेश के तहत अब बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को एक अगस्त से पेट्रोल नहीं मिलेगा। यह आदेश भोपाल जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। प्रशासन की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

कपड़ा मिल

भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने कपड़ा मिल के मजदूरों की समस्याओं को लेकर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह को अवगत कराया है। सांसद शर्मा ने संसदीय क्षेत्र भोपाल स्थित कपड़ा मिल को पुनः प्रारम्भ किये जाने को लेकर केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा है, जिसे कपड़ा मंत्रालय ने संज्ञान में ले लिया है। सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय कपड़ा मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि मार्च 2020 में शुरू हुई कोरोना महामारी में देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान सरकार द्वारा एनटीसी की सभी मिलों की उत्पादन गतिविधियां निलंबित कर दी थी। लेकिन कोविड के पश्चात कुछ मिलों का संचालन जारी नहीं रखा गया। जिसमें भोपाल की कपड़ा मिल भी शामिल है। मिल में उत्पादन कार्य प्रारंभ नहीं होने से मजदूरों को वेतन की समस्या से परिवार के भरण पोषण की कठिनाई पैदा हो गई है। सांसद शर्मा ने केंद्रीय कपड़ा मंत्री को कहा कि भोपाल की कपड़ा मिल को पुनः प्रारंभ किया जाए, जिससे मजदूरों को रोजगार के लिए भटकना न पड़े।

भारत-इंग्लैंड पांचवा टेस्ट

भारत आज लंदन के ओवल मैदान में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर क्रिकेट टेस्ट सीरीज़ के अंतिम और निर्णायक मैच में सीरीज़ को दो-दो से बराबर करने के इरादे से खेलने उतरेगा। यह मैच दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। भारत फिलहाल सीरीज़ में 2-1 से पीछे है।

भारतीय टीम में कुछ अहम बदलाव किए हैं - चोटिल ऋषभ पंत की जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया है। तेज़ गेंदबाज़ आकाश दीप की वापसी की संभावना है और स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- झाबुआ जिले में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा मूल्यांकन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 1 अगस्त को झाबुआ, रामा और राणापुर विकासखण्ड के छात्र रंगपुरा स्थित विकलांग पुनर्वास केन्द्र में शिविर में भाग लेंगे।
- रायसेन में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने किए जा रहे कार्यो और गतिविधियों की समीक्षा की।
- पन्ना मे आगामी 14 अगस्त को बलराम जयंती एवं 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व आयोजन की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 4 बजे से बैठक का आयोजन किया गया है।

-------